प्रेषक : प्रबन्धक/प्रधानाचार्य

# श्री गुरु राम राय इन्टर कालेज

सहसपुर, देहरादून

Email: sgrricsahaspur@gmail.com

पत्रांक : ............................ दिनांक : 24/07/2026

सेवा में,

अध्यक्ष

जयराम सिंह मेमोरियल एवं नारी उत्थान समिति

विषय – आपके द्वारा विद्यालय को प्रदान की गई लाइब्रेरी एवं शिक्षण सामग्री के सफल उपयोग हेतु धन्यवाद एवं आभार।

महोदय,

आपको अवगत कराते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि आपके प्रतिष्ठित संस्थान जयराम सिंह मेमोरियल एवं नारी उत्थान समिति द्वारा श्री गुरु राम राय इंटर कॉलेज, सहसपुर को प्रदान की गई लाइब्रेरी एवं अन्य शिक्षण सामग्री का हमारे विद्यालय के छात्र.छात्राओं को निरंतर एवं पूर्ण रूप से लाभ प्राप्त हो रहा है।

आपके सहयोग से विद्यालय में विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति रुचि बढ़ी है। पठन.पाठन का वातावरण और अधिक समृद्ध हुआ है तथा शिक्षण कार्य की गुणवत्ता में भी सकारात्मक सुधार देखने को मिला है। छात्र. छात्राएँ उपलब्ध पुस्तकों एवं शिक्षण सामग्री का नियमित उपयोग कर अपने ज्ञान और कौशल का विकास कर रहे हैं।

विद्यालय परिवार आपकी इस प्रेरणादायी एवं सराहनीय पहल के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता है। हमें विश्वास है कि भविष्य में भी आपका मार्गदर्शन एवं सहयोग इसी प्रकार प्राप्त होता रहेगा, जिससे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान मिलता रहेगा।

पुनः आपके अमूल्य सहयोग एवं समाजहित में किए जा रहे कार्यों के लिए हार्दिक धन्यवाद।

24/07/2026

(आलोक बिजल्वाण)

प्रधानाचार्य

प्रधानाचार्य

श्री गुरु राम राय इण्टर कालेज

सहसपुर देहरादून